हिन्दी साहित्य जगत के शीर्षस्थ व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जी के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 22 अगस्त को महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के हिन्दी विभाग में परसाई जी की जयंती मनायी गई। विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश टण्डन ने अपने वक्तव्य में व्यंग्य के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए परसाई जी के जीवन की कठिनाइयों और किन परिस्थितियों में उन्होंने व्यंग्य लेखन को चुना, को विस्तार से बताया। विभिन्न व्यंग्यकारों के द्वारा दी गई परिभाषा को उद्धृत करते हुए कहा कि ''माला बनाने के लिए फूलों का सीना छेदना ही व्यंग्य है।'' ''व्यंग्य एक प्रकार का शीशा है, जिसमें देखने वाले को अपने मुँह को छोड़कर प्रत्येक का मुँह दिखाई देता है।'' परसाई जी 18 वर्ष की उम्र में जंगल विभाग में नौकरी किए, वहाँ वे ईंटें रखकर, उन पर पटिए जमाकर बिस्तर लगाते, नीचे जमीन चूहों ने पोल कर रखी थी, रात भर चूहे धमाचौकड़ी करते और परसाई जी सोते रहते। इन्होंने गरीबी के दौरान तीन विद्या सीखी- बिना टिकट रेल यात्रा करना, उधार मांगना, बेफिक्र रहना। व्यंग्य को लेखन के लिए चुनने के पीछे कारण को 'गर्दिश के दिन' में वे स्वयं लिखते हैं- ''मेरा अनुमान है कि मैंने लेखन को दुनिया से लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में अपनाया होगा। दूसरे, इसी में मैंने अपने व्यक्तित्व की रक्षा का रास्ता देखा। तीसरे, अपने अवशिष्ट होने से बचाने के लिए मैंने लिखना शुरू कर दिया।'' इन्हें पद्म से सम्मानित किया गया है।

छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रो. जयराम कुर्रे ने कहा कि लेखक देश और समाज में जिन परिस्थितियों को देखता है, उसे लिखता है। उन्होंने कहा कि परसाई ने देश में व्याप्त बुराइयों पर निष्पक्ष रूप से कटाक्ष व्यंग्य किया। उनके मुख्य व्यंग्य संग्रह हैं- विकलांग श्रद्धा का दौर, जिसके लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ, बेईमानी की परत, सदाचार का ताबीज, निठल्ले की डायरी, ठिठुरता हुआ गणतंत्र, सुनो भाई साधो, भूत के पाँव पीछे, पगडंडियों का जमाना आदि। डॉ0 सुशीला गोयल तथा प्रो0 शिवाकांत इजारदार ने भी छात्रों को सम्बोधित किया। वेबेक्स एप से ऑनलाईन सम्पन्न इस जयंती में प्रो0 दिनेश संजय, प्रो0 अर्जुन झा सहित हिन्दी के विद्यार्थियों ने जुड़कर इसे सफल बनाया।

Office Government Mahatma Gandhi P.G. College Kharsia, Dist. Raigarh (C.G.)
No.
Date

# प्रतिवेदन

कार्यक्रम – छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस

आयोजक – हिन्दी विभाग

दिनांक – 28/11/2020

28 नवम्बर छत्तीसगढ़ी भासा दिवस के अवसर म महात्मा गांधी सरकारी कालेज खरसिया हर घला ए दिवस ल मनाइस। ए उदीम ल करीन डॉ रमेस टण्डन हिन्दी विभाग के परमुख हर। कालेज के बनेच कन लईका मन ला ऑनलाईन जोड़ के वेबेक्स एप ले कारिकरम ला करे गीस। सबले पहिली राज गीत– "अरपा पैरी के धार" गीत चलीस। ओकर बाद मुखिया पहुना के रूप म भागवत कथा के कहोइया ब्यास गद्दी अउ गुरूजी घलो सीरी आनंद कुमार त्रिवेदी अउ पूरा राज म चिनहाथे ऐसन बड़का गुरूजी सीरी राम कुमार पटेल मन बनेच गोठियाइन। त्रिवेदी मन छत्तीसगढ़ी संसकीरति के बखान करत बमलेश्वरी माता के गुरतुर गीत भी गाइन। ओ गीत ल अपनेच मन बनाय रहीन। फेन सुघ्घर बोली म पटेल जी मन अपनेच बनाय छत्तीसगढ़ी राज भाषा आयोग गठन के गीत ला गा के सबो लइका मन के बीच छा गीन। ए कारिकरम के सकलोइया डॉ0 रमेस मन कहिन कि रेलगाड़ी म कोइ अंग जात रथन त हमन देखथन कि एक झन ओड़िया हर अपन ओड़िया भई–बहिनी संग ओड़िया में गोठियात रथे अउ उसनेच बंगाली हर भी अपन संगी मन करा बंगाली म गोठियात रथे। त काबर हमर छत्तीसगढ़ी भई बहिनी मन अपनेच संगी मन करा छत्तीसगढ़ी ल छोड़ के हिन्दी म गोठियाय के परयास करथे, ओ भी टूटी–फूटी भाषा म। ऐमन छत्तीसगढ़ी म गोठियाय बर काबर लजाथें। हमन ल अपन भाषा म गोठियाय बर लागही, चाहे कोइ अंग जात रही। तभे हमर भाषा हर बाढ़ही। हमर संसकीरिति हर बगरही।

विभाग के प्रो0 दिनेस संजय हर घलो जुड़े रहीस। आंचल, अमन, अनू, भुनेसरी, दामनी, देव, डोरे, गौरव, गोपी, खिलेसरी, कुमेसरी, लाजवंती, लालिमा, मनीसा, माया, नैमिस, नमन, राखी, निधि, निकिता, निरमला, पीरति, राजकुमारी, रामा, रस्मि, रतन, सरोजनी, सेवन, सेवती, सुभम, योगिता, सैलेन्दर, सिवानी, टिक्के, युराज, अहिलया, अंजलि, चंदरकांता, जयंती, कमलेसरी, मंजू, नंदनी, परसंसा, परतिमा, बंदना, रागनी, बिकास, सीमा, यामनी, सिव, सुजाता, सुमित, सुनील, सूरज, बेसाली सहीं तीन कोरी लईका मन अब्बड़ मन लगाके पहुना मन के गोठ ल सुनीन।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

# खरसिया के सरकारी कॉलेज में छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस मनाइन

**खरसिया।** 28 नवम्बर छत्तीसगढ़ी भासा दिवस के अवसर म महात्मा गांधी सरकारी कालेज खरसिया हर घला ए दिवस ल मनाइस। ए उदीम ल करीन डॉ रमेस टण्डन हिन्दी विभाग के परमुख हर। कालेज के बनेच कन लईका मन ला ऑनलाईन जोड़ के वेबेक्स एप ले कारिकरम ला करे गीस। सबले पहिली राज गीत- "अरपा पैरी के धार" गीत चलीस। ओकर बाद मुखिया पहुना के रूप म भागवत कथा के कहोइया ब्यास गद्दी अउ गुरूजी घलो सीरी आनंद कुमार त्रिवेदी अउ पूरा राज म चिनहाथे ऐसन बड़का गुरूजी सीरी राम कुमार पटेल मन बनेच गोठियाइन। त्रिवेदी मन छत्तीसगढ़ी संसकीरति के बखान करत बमलेश्वरी माता के गुरतुर गीत भी गाइन। ओ गीत ल अपनेच मन बनाय रहीन। फेन सुघ्घर बोली म पटेल जी मन अपनेच बनाय छत्तीसगढ़ी राज भाषा आयोग गठन के गीत ला गा के सबो लइका मन के बीच छा गीन। ए कारिकरम के सकलोइया डॉ0 रमेस मन कहिन कि रेलगाड़ी म कोइ अंग जात रथन त हमन देखथन कि एक झन ओड़िया हर अपन ओड़िया भई-बहिनी संग ओड़िया में गोठियात रथे अउ उसनेच बंगाली हर भी अपन संगी मन करा बंगाली म गोठियात रथे। त काबर हमर छत्तीसगढ़ी भई बहिनी मन अपनेच संगी मन करा छत्तीसगढ़ी ल छोड़ के हिन्दी म गोठियाय के परयास करथे, ओ भी टूटी-फूटी भाषा म। ऐमन छत्तीसगढ़ी म गोठियाय बर काबर लजाथें। हमन ल अपन भाषा म गोठियाय बर लागही, चाहे कोइ अंग जात रही। तभे हमर भाषा हर बाड़ही। हमर संसकीरिति हर बगरही। विभाग के प्रो0 दिनेस संजय हर घलो जुड़े रहीस। आंचल, अमन, अनू, भुनेसरी, दामनी, देव, डोरे, गौरव, गोपी, खिलेसरी, कुमेसरी, लाजवंती, लालिमा, मनीसा, माया, नैमिस, नमन, राखी, निधि, निकिता, निरमला, पीरति, राजकुमारी, रामा, रस्मि, रतन, रागनी, बिकास, सीमा, यामनी, सिव, सुजाता, सुमित, सुनील, सूरज, बेसाली सहीं तीन कोरी लईका मन अब्बड़ मन लगाके पहुना मन के गोठ ल सुनीन।

## 21 जून 2020

इस वर्ष करोना महामारी होने के कारण महाविद्यालय में योग का प्रशिक्षण नही हुआ। लेकिन अपने घर पर ही इलेक्टानिक माध्यम से ही योगा का प्रशिक्षण दिया गया तथा उसे आधार मानकर योग किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य तथा प्राध्यापक एवं कर्मचारी, छात्र/छात्राएं भाग लिये।

योग पर आधारित आनलाईन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राऍं ने भाग लिया।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

No.
Date

# प्रतिवेदन

कार्यक्रम – खेल दिवस

आयोजक – आई क्यू ए सी एवं क्रीड़ा विभाग

दिनांक – 29 / 08 / 2018

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में महाविद्यालय के छात्र खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व लेखनी प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्रीड़ाधिकारी डॉ0 रमेश टण्डन व आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो0 मनोज साहू के संयुक्त तत्त्वाधान में दिनांक 29 अगस्त 2018 को हिन्दी विभाग में उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन सादगीपूर्ण समारोह के रूप में किया गया। प्रो0 दिनेश संजय, प्रो0 एल डी मानिकपुरी, प्रो0 जयप्रकाश यादव आदि की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय, राज्य व जिला स्तर पर शिरकत कर चुके खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र पदान किया गया साथ ही पुरस्कार स्वरूप उत्साहवर्धन के लिए लेखनी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ0 आर के टण्डन ने सत्र 2017–18 में महाविद्यालय के जिन छात्र–छात्राओं ने विभिन्न स्तरों पर विभिन्न खेलों में सहभागिता की थी, उनके नामों का आदरपूर्वक उल्लेख किया और उन्हें बधाइयाँ देते हुए चालू वर्ष में भी खेल के क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रौशन करने आव्हान किया। प्रो0 मनोज साहू ने पुरस्कार प्रदान करने के उपरान्त छात्रों को सम्बोधित करते हुए वर्तमान में चल रहे एशियाड गेम्स में भारत के द्वारा अर्द्धशतक पदक प्राप्त करने का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा बड़ा लक्ष्य ऐसे ही महाविद्यालयीन स्तर के छोटे–छोटे लक्ष्य को हासिल करके पूरा होता है। शताधिक छात्रों की उपस्थिति में धावक मनोज सिन्हा, क्रिकेटर माजिद अली, खो–खो खिलाड़ी तारावती राठिया, केश्वर, रामनाथ, रविशंकर, दीपक, बंशीलाल, जालिंधर, शकुन्तला सतनामी, गुंजन गबेल, हीरालाल, करिश्मा डनसेना, डिलेश सहित अनेक छात्र–छात्रा खिलाड़ियों को ससम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे ने इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयाँ प्रेषित की।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Distt.-Raigarh (C.G.)

No.

Date

# प्रतिवेदन

**कार्यक्रम –** हिन्दी दिवस

**आयोजक –** हिन्दी विभाग

**दिनांक –** 14/09/2018

14 सितम्बर को हिन्दी दिवस भारत के पूरे हिन्दी भाषी क्षेत्र में मनाया गया। इस कड़ी में महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में भी हिन्दी विभाग के तत्वाधान में हिन्दी दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ0 रमेश टण्डन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 सुशीला गोयल, डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 एस के इजारदार, प्रो0 एम के साहू, प्रो0 सरला जोगी, प्रो0 जयप्रकाश यादव तथा छात्रों में कु0 अम्बे वैष्णव, आशीष राठौर ने हिन्दी की वर्तमान स्थिति, महत्ता, उपयोगिता, लिपि, उद्गम आदि के बारे में सविस्तार चर्चाएँ की। प्रो0 जयराम कुर्रे ने मंच संचालन करते हुए हिन्दी के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अतिथि प्राध्यापकों की उपस्थिति में डॉ0 टण्डन ने उपस्थित शताधिक छात्रों को हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग करने संबंधी शपथ भी दिलायी।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

No.
Date

# प्रतिवेदन

कार्यक्रम – संविधान दिवस

दिनांक – 26 / 11 / 2018

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में दिनांक 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम, भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात् सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 आर के टण्डन, डॉ0 पी एल पटेल, प्रो0 एम एल धीरही, श्रीमती प्रियंका राठौर, प्रो0 मनोज साहू, डॉ0 सुशीला गोयल, प्रो0 सरला जोगी आदि सभी ने संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्त्तव्यों जैसे महत्त्वपूर्ण कानूनों व धाराओं का जिक्र किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कर्मचारियों, छात्रों की भी उपस्थिति भी रही।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

# प्रतिवेदन

कार्यक्रम – एन सी सी दिवस

आयोजक – एन सी सी विभाग

दिनांक – 07/12/2018

70 वाँ एनसीसी दिवस के अवसर पर प्रो0 सरला जोगी के संयोजन में दिनांक 07 दिसम्बर को महात्मा गांधी शासकीय महाविद्यालय खरसिया में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 एस के इजारदार, प्रो0 ए के पटेल, सुरेन्द्र मेहरा, छात्र संघ अध्यक्ष आशीष राठौर व एनसीसी अधिकारी ले0 सरला जोगी ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे के कर कमलों से केक काटा गया, इसी के साथ एकता व अनुशासन के प्रतीक एनसीसी के अन्तर्गत शकुन्तला सतनामी, टीकाराम को बेस्ट कैडेट, बेस्ट कमाण्ड के लिए शकुन्तला, सर्वाधिक शिविर सहभागिता के लिए रमेश बंजारे, बेस्ट टर्न आउट के लिए रेखा चौधरी व राजेन्द्र का चयन करते हुए मेडल से सम्मानित किया गया।

मंचीय कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुई, जिसमें समूह नृत्य में शकुंतला एण्ड कैडेट्स के झमाझम, आकर्षक एवं सुन्दर वेशभूषा से सज्जित कैडेट्स के नागपुरी नृत्य को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। मूक अभिनय में हरिहर दिनकर, करिश्मा डनसेना, राहुल, जसवीर, सविता टण्डन को प्रथम स्थान पर रखा गया। इस अभिनय के माध्यम से मोबाईल के दुरूपयोग व बुढ़े माँ–बाप की अनदेखी पर चिंता व्यक्त की गई। एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर रही शकुन्तला सतनामी छत्तीसगढ़ी लोक कला पर आधारित किसान गीत पर सम्पूर्ण भाव के साथ इस कदर थिरकीं कि दर्शक–दीर्घा वाह–वाह कर उठी। इसी गीत व नृत्य पर राष्ट्रीय एकता शिविर मैहर में शकुन्तला सतनामी ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक दिलाकर खरसिया महाविद्यालय और 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ का मान बढ़ाया था। भांगड़ा नृत्य के माध्यम से पूरा पंजाब दर्शन कराने वाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी रेखा चौधरी ने "जूति पटियाले दिया" पर एकल नृत्य कर द्वितीय स्थान हासिल किया। सुमधुर कंठ से "अरपा पैरी" का गीत गाकर प्रथम स्थान प्राप्त कैडैट उषा पटैल ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य प्रस्तुति में मुख्य रूप से चन्द्रकान्ता डनसेना का सम्बलपुरी नृत्य, सविता टंडन का नृत्य, उर्वशी का क्लासिकल नृत्य, शकुन्तला का क्लासिकल नृत्य व मंजू सारथी का मनमोहक नृत्य उल्लेखनीय रहा। इन सभी कैडेट कलाकारों को मुख्य अतिथि एम डी वैष्णव, प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 सरला जोगी ने मेडल से सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेशप्रताप दिनकर व सीनियर अंडर आफिसर शकुन्तला सतनामी ने एवं सहयोग रमेश बंजारे जूनियर अंडर आफिसर तथा तारावती राठिया क्वाटर मास्टर ने किया। डॉ0 पी एल पटेल, प्रो0 मनोज साहू, प्रो0 जुवेल केरकेट्टा, प्रो0 पी के चेतानी सहित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाया।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist. Raigarh (C.G.)

## 21 जून 2019

Office Government Mahatma Gandhi P.G. College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)
No.
Date

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में दिनांक 21 जून 2019 विश्व योगा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षण के रुप में श्री नमन यादव रहे। सर्वप्रथम योगा प्रभारी श्री. ए.के.पटेल के द्वारा योग प्रशिक्षक नमन यादव का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

योग प्रशिक्षक नमन यादव के द्वारा विधिवत् रुप से विभिन्न योग के विभिन्न कियाओं का योगाभ्यास कर उसके महत्व को बताया गया जिसमें प्रमुख रुप से घुटना संचालन, ताडासन, वृक्षासन, अर्द्ध चकासन, भद्रासन, वज्रासन, उएद्रासन, शशांकासन, मंडूकासन, पवन मुक्तासन शवासन आदि का आसन तथा कपालाभांती, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम को किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें। अंत में योग प्रभारी ए.के.पटेल ने योग प्रशिक्षक तथा उपस्थित स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

AKPatel

# स्वतंत्रता दिवस

दिनांकः– 15 अगस्त 2017

स्वतंत्रता दिवस के पावन राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में ध्वजारोहण किया गया। प्रो0 दिलीप अम्ब्रेला ने महाविद्यालयीन परिवार की उपस्थिति में झंडोत्तोलन करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दी एवं पिछले वर्षों में पूरी इमानदारी व मेहनत से अपने दायित्वों को बेहतरीन ढंग से संपादित करने पर डॉ0 रमेश टण्डन सहायक प्राध्यापक हिन्दी व मदन मलहोत्रा डाटा एण्ट्री ऑपरेटर को मान–पत्र, प्रतीक चिन्ह, गुलदस्ते व साल प्रदान करते हुए सम्मानित किया। प्रो0 एम एल धीरही व डॉ0 पी एल पटेल के कर कमलों से इन्हें मान– पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 टण्डन ने कहा कि हमारे महाविद्यालय से दो विद्वान शिक्षकों को स्थानांतरण, शासनादेश से अभी– अभी हुआ जो कि एक तरफ महाविद्यालय के लिए अपूर्णनीय क्षति है तो दूसरी ओर कुशल प्रशासक, उचित मार्गदर्शक, साहसी, समन्वयवादी, सबके दिलों पर राज करने वाले प्रो0 दिलीप अम्ब्रेला तथा कुशल मंच संचालिका, मृदुभाषी, साहित्य व संगीत के मर्मज्ञ डॉ0 रविन्द्र चौबे के मनचाहा स्थानांतरण से उनमें हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रगति पर भी विचार किया गया जो उत्तरोत्तर विकास की गाथा कहती है। बी. एस–सी. प्रथम वर्ष की छात्रा कु0 शकुन्तला सतनामी ने 71 प्रतिशत अंक अर्जित कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, इसे भी सम्मानित किया गया। डॉ0 रविन्द्र चौबे, मदन मलहोत्रा, दिनेशप्रताप दिनकर, शकुन्तला सतनामी आदि ने अपने विचार सभा के समक्ष रखे व स्वतंत्रता दिवस की बधाइयाँ दी। एन सी सी कैडेट्स के परेड व क्लैप के साथ भारत माता की जयकारा का गुंजायमान पूरे वातावरण में ध्वनित हुआ। सैकड़ो छात्र–छात्राओं, एनसीसी–'एनएसएस कैडेट्स के साथ डॉ0 सुशीला गोयल, प्रो0 मनोज साहू, प्रो0 काश्मीर एक्का, प्रो0 अश्वनी पटेल, प्रो0 शिवाकांत इजारदार, प्रो0 जुवेल केरकेट्टा, संतोष दास, संजय मधुकर, हरिकृष्ण पटेल, आवेश गोयल, तुलसी पटेल, लोकेश शर्मा, प्रमोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि सन्यासी मेहरा, बबलू, डी के यादव, यू एस टोण्डे, एस के मेहरा, प्रेमसाय, जी डी महंत, लखन भारती, डी के नागरे सहित समस्त महाविद्यालयीन परिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

डॉ. आर. के. टण्डन

Principal
M.G. Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

# महात्मा गांधी शासकला एवं विज्ञान महा वि में हर्षोल्लसा के साथ मनाया गया स्वतंत्रता पर्व



**खरसिया।** स्वतंत्रता दिवस के पावन राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में ध्वजारोहण किया गया। प्रो. दिलीप अम्बेला ने महाविद्यालयीन परिवार की उपस्थिति में झंडोत्तोलन करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी एवं पिछले वर्षो में पूरी ईमानदारी व मेहनत से अपने दायित्वों को बेहतरीन ढंग से संपादित करने पर डॉ. रमेश टण्डन सहायक प्राध्यापक हिन्दी व मदन मलहोत्रा डाटा एण्ट्री ऑपरेटर को मान-पत्र, प्रतीक चिन्ह, गुलदस्ते व साल प्रदान करते हुए सम्मानित किया। प्रो. एम एल धीरही व डॉ. पी एल पटेल के कर कमलों से इन्हें मान-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. टण्डन ने कहा कि हमारे महाविद्यालय से दो विद्वान शिक्षकों को स्थानांतरण, शासनादेश से अभी- अभी हुआ जो कि एक तरफ महाविद्यालय के लिए अपूर्णनीय क्षति है तो दूसरी ओर कुशल प्रशासक, उचित मार्गदर्शक, साहसी, समन्वयवादी, सबके दिलों पर राज करने वाले प्रो. दिलीप अम्बेला तथा कुशल मंच संचालिका, मृदुभाषी, साहित्य व संगीत के मर्मज्ञ डॉ. रविन्द्र चौबे के मनचाहा स्थानांतरण से उनमें हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रगति पर भी विचार किया गया। जो उत्तरोत्तर विकास की गाथा कहती है। बी. एस-सी. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. शकुन्तला सतनामी ने 71 प्रतिशत अंक अर्जित कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, इसे भी सम्मानित किया गया। डॉ. रविन्द्र चौबे, मदन मलहोत्रा, दिनेशप्रताप दिनकर, शकुन्तला सतनामी आदि ने अपने विचार सभा के समक्ष रखे व स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां दी। एन सी सी कैडेट्स के परेड व क्लैप के साथ भारत माता की जयकारा का गुंजायमान पूरे वातावरण में ध्वनित हुआ। सैकड़ों छात्र-छात्राओं, एनसीसी-'एनएसएस कैडेट्स के साथ डॉ. सुशीला गोयल, प्रो. मनोज साहू, प्रो. काश्मीर एक्का, प्रो. अश्वनी पटेल, प्रो. शिवाकांत इजारदार, प्रो. जुवेल केरकेट्टा, संतोष दास, संजय मधुकर, हरिकृष्ण पटेल, आवेश गोयल, तुलसी पटेल, लोकेश शर्मा, प्रमोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि, सहित समस्त महाविद्यालयीन परिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

Office Government Mahatma Gandhi P.G. College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)
No.
Date 15/8/2017

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

हिन्दी दिवस

दिनांकः— 14 सितम्बर 2017

विभाग— हिन्दी विभाग

कक्ष क्र.— 10, न्यू बिल्डिंग

जब देश के समस्त हिन्दी सेवी संस्थानों ने 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया, तब अधिकांश शैक्षणिक संस्थाओं के साथ महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया ने भी इस पुनीत और सकारात्मक कार्य में छात्रों को सहभागिता दिलाते हुए आज की हिन्दी के स्वरूप पर मनन– चिंतन किया। विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ0 रमेश टण्डन के संयोजन व मंच संचालन में "हिन्दी दिवस" का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष की आसन्दी से प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे ने अपने वक्तव्य में हिन्दी बोलने पर जोर दिया। प्रो0 एस के इजारदार ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए हिन्दी की शुरूआत अपने – अपने हस्ताक्षर को हिन्दी में अंकित करते हुए करने की बात कही। प्रो0 जे केरकेट्टा ने रोचक शैली में छात्रों को हिन्दी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रो0 जयराम कुर्रे ने हिन्दी की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर ध्यान आकर्षित किया तो प्रो0 संजय मधुकर ने यह कहा कि आज हिन्दी कम्प्यूटर में भी समा गई है। प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 सुशीला गोयल, प्रो0 सरला जोगी, संतोष मानिकपुरी, मनोज बरेठ़ा ने हिन्दी का मान बढ़ाते हुए पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित रहकर हिन्दी के छात्रों को प्रोत्साहित किया व उन्हें हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ दी। हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में छात्रा गौरी रॉयल व अम्बे वैष्णव ने भी अपने बिचार रखे। इन्होंने हिन्दी को बहूरानी की संज्ञा दी। डॉ0 आर के टण्डन ने पॉवर पॉइण्ट प्रजेण्टेशन के माध्यम से हिन्दी से जुड़े छोटे–छोटे मगर महत्त्वपूर्ण तथ्यों को रोचक तरीके से छात्रों को अवगत कराया। श्यामकुमार, अमित लहरे, घनश्याम टण्डन, ज्योति पटेल, जयंती सिदार, जागृति राठौर, आशीष सहित एम. ए. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर हिन्दी के लगभग सभी छात्र– छात्राएँ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

DR. R. K. TANDAN
Assistant Professor (Hindi)
Govt. M. G. Arts & Sc. College
KHARSIA Dist Raigarh (C.G.)

Principal
M.G. Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

संविधान दिवस

दिनांक— 25 नवम्बर 2017

दिनांक 25 नवम्बर को महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में शिक्षकों व छात्रों ने संविधान दिवस मनाया। मीडिया प्रभारी डॉ0 रमेश टण्डन ने जानकारी दी कि प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे के संरक्षण व दिशा निर्देशन में तथा प्रो0 एम एल धीरही के कार्यक्रम संयोजन में छात्रों के बीच संविधान के प्रति जागरूकता लाने के लिए तथा संविधान हमारे लिए कितना जरूरी है, ये प्रतिपादित करने के लिए महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पित करते हुए पूजा—अर्चना की गयी। इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्रोफेसर एम एल धीरही ने भारतीय संविधान पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसकी प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्त्तव्यों पर व्याख्यान दिया। संवैधानिक उपचार से संबंधित अधिकारों की चर्चा करते हुए इस बात पर भी चिंतन—मनन किया गया कि हमें संविधान का सम्मान करते हुए संविधान में उल्लेखित नियमों की भी जानकारी रखनी चाहिए। भारतीय संविधान की प्रति प्रत्येक घर में होना चाहिए जिससे नियम कानूनों की जानकारी हर भारतीय को रहे और अपने अधिकारों के बारे में सजग रह सकें। अक्सर कानून की जानकारी के अभाव में लोग गलत राह पकड़ लेते हैं, परन्तु यदि किसी अपराध के लिए क्या सजा मिलती है, ये जानकारी रहे तो लोग उस राह में नहीं चलेंगे। इससे काफी हद तक जुर्म कम हो सकता है। छात्रों ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रो0 सरला जोगी, प्रो0 अश्वनी पटेल, प्रो0 जयराम कुर्रे, प्रो0 संजय मधुकर, प्रो0 मनोज बरेठा सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, कर्मचारीगण व छात्र / छात्रा समूह मौजूद रहा।

डॉ. आर. के. टण्डन

Principal
M.G. Govt. Arts. & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

# एमजी महाविद्यालय खरसिया ने मनाया संविधान दिवस

संवाददाता...रायगढ़

दिनांक 25 नवम्बर को महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में शिक्षकों व छात्रों ने संविधान दिवस मनाया। मीडिया प्रभारी डॉ० रमेश टण्डन ने जानकारी दी कि प्राचार्य डॉ० पी सी घृतलहरे के संरक्षण व दिशा निर्देशन में तथा प्रो० एम एल भीमरी के कार्यक्रम संयोजन में छात्रों के बीच संविधान के प्रति जागरूकता लाने के लिए तथा संविधान हमारे लिए कितना जरूरी है, ये प्रतिपादित करने के लिए महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजा-अर्चना की गयी। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रोफेसर एम एल भीमरी ने भारतीय संविधान पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसकी प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों पर व्याख्यान दिया। संवैधानिक उपचार से सम्बंधित अधिकारों की चर्चा करते हुए इस बात-पर भी चिंतन-मनन किया गया कि हमें संविधान का सम्मान करते हुए संविधान में उल्लेखित नियमों की भी जानकारी रखनी चाहिए। भारतीय संविधान की प्रति प्रत्येक घर में होना चाहिए जिससे नियम कानूनों की जानकारी हर भारतीय को रहे और अपने अधिकारों के बारे में सजग रह सकें।



अक्सर कानून की जानकारी के अभाव में लोग गलत राह पकड़ लेते हैं, परन्तु यदि किसी अपराध के लिए क्या सजा मिलती है, ये जानकारी रहे तो लोग उस राह में नहीं चलेंगे। इससे काफी हद तक जुर्म कम हो सकता है। छात्रों ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रो० सरला जोगी, प्रो० अश्वनी पटेल, प्रो० जयराम कुर्रे, प्रो० संजय मधुकर, प्रो० मनोज बोरा सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, कर्मचारीगण व छात्र/छात्रा समूह मौजूद रहा।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस

विभाग– हिन्दी विभाग

दिनांक– 28 नवम्बर 2017

Office Government Mahatma Gandhi P.G. College, Kharsia, Dist. Raigarh (C.G.)
No.
Date

छत्तीसगढ़ी भाषा आयोग के पत्र के अनुपालन में तथा स्वस्फूर्त होकर 28 नवम्बर को महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। मंच संचालन करते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 रमेश टण्डन ने कहा कि– " छत्तीसगढ़ बने सतरा साल होगे अभी ले छत्तीसगढ़ी ला अपन के ठिकाना नई मिले ऐ, संविधान के आठवीं अनुसूची मा एकर नांव नई लिखाए ऐ, जेकर सेंथी छत्तीसगढ़ी लिखैया मन आघू नई बढ़ पाथें। 2007 के बछर मा मुखिया मंत्री डाक्टर रमन सिंह अउ संसकिरिती मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मन छत्तीसगढ़ी ला राज भासा तो बना दिन, पर एकर परचार परसार के अभी अउ जरूरत हावे, आयोग के अध्यछ डॉ0 विनय कुमार पाठक अउ संचिव पदम श्री डॉ0 सुरेंद्र दुबे मन बने काम ए डाहर करथें, छत्तीसगढ़ी मा शबद कोस बनवावथें, उमन ला धनबाद।" आगे आंचलिक छत्तीसगढ़ी कवियों ने गीतमय काव्य पाठ करते हुए दिवस को सार्थक बनाया और छत्तीसगढ़ की भाषा, संस्कृति आदि पर अपने सारगर्भित विचार रखते हुए छत्तीसगढ़ी की आवश्यकता पर प्रकाश डाले। शताधिक छात्रों के बीच, प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, एम डी वैष्णव, समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति में नव सृजन साहित्य एवं कला मंच के निम्न कवियों ने अपनी काव्य–प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी भाषा में दी–

1. अध्यक्ष मनमोहन सिंह ठाकुर– "दोना पतरी"
2. प्रियंका गुप्ता– "सोन बरोबर इंहा के माटी",
3. सचिव गुलाब सिंह कंवर– "तोला सुमिरौं बारम्बार छत्तीसगढ़ महतारी",
4. केशवप्रसाद राठौर– "गुलामी के पीरा",
5. रामकुमार पटेल– "धन्य हे हमर देश भारत",
6. लखनलाल राठौर– "माँ चन्द्रासेनी",
7. पुनेश्वर प्रसाद महिलांगे– "तखता पलट देत हंव",
8. राकेश नारायण बंजारे– "मैं अंव छत्तीसगढ़िया संगी",
9. अंकित जायसवाल– "सौम्य संगिनी" पर तथा
10. मोती लाल राठौर,
11. हेमलाल पटेल,
12. संरक्षक कवि ओमप्रकाश शर्मा

Principal
M.G. Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

DR. R. K. TANDAN
Assistant Professor (Hindi)
Govt. M. G. Arts & Sc. College
KHARSIA, Dist. Raigarh (C.G.)

13. वरिष्ठ कवि भगत दास महंत

14. वरिष्ठ कवि गुरूचरण सिंह छाबड़ा जी

अन्त में प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे की अनुमति से सभा विसर्जित की गई। विसर्जन पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक श्री एम एल धीरही ने समस्त कवियों का आभार ज्ञापित किया।

Principal
M.G. Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

DR. R. K. TANDAN
Assistant Professor (Hindi)
Govt. M. G. Arts & Sc. College
KHARSIA, Dist. Raigarh (C.G.)

# एम जी महाविद्यालय खरसिया में छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस सम्पन्न

संवाददाता . रायगढ़

28 नवम्बर को महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। मंच संचालन करते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 रमेश टण्डन ने कहा कि- '' छत्तीसगढ़ बने सतरा साल होगे अभी ले छत्तीसगढ़ी ला अपन के ठिकाना नई मिले ऐ, संविधान के आठवीं अनुसूची मा एकर नांव नई लिखाए ऐ, जेकर सेथी छत्तीसगढ़ी लिखैया मन आघू नई बढ़ पावे। 2007 के बछर मा मुखिया मंत्री डॉक्टर रमन सिंह अउ संसकिरिती मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मन छत्तीसगढ़ी ला राज भासा तो बना दिन, पर एकर परचार परसार के अभी अउ जरूरत हावे, आयोग के अध्यक्ष डॉ0 विनय कुमार पाठक अउ सचिव पद्म डॉ. सुरेंद्र दुबे मन



बने काम ए डहर करथें, छत्तीसगढ़ी मा शब्द कोस बनवावथें, उमन ला धनबाद।'' आगे आंचलिक छत्तीसगढ़ी कवियों ने गीतमय काव्य पाठ करते हुए दिवस को सार्थक बनाया और छत्तीसगढ़ की भाषा, संस्कृति आदि पर अपने सारगर्भित विचार रखते हुए छत्तीसगढ़ी की आवश्यकता पर प्रकाश डाले। शताधिक छात्रों के बीच, प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, एम डी वैष्णव, समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति में, नव सृजन साहित्य एवं कला मंच के अध्यक्ष कवि मनमोहन सिंह ठाकुर ने ''दोना पतरी'' पर, प्रियंका गुप्ता ने '' सोन बरोबर इहां के माटी'', गुलाब सिंह कंवर ने ''तोला सुमिरौं बारम्बार छत्तीसगढ़ महतारी'', केशवप्रसाद राठौर ने ''गुलामी के पीरा'', रामकुमार पटेल ने ''धन्य हे हमर देश भारत'', लखनलाल राठौर ने ''माँ चन्द्रासेनी'', पुनेश्वर प्रसाद महिलांगे ने ''तखता पलट देत हंव'', राकेश नारायण बंजारे ने ''मैं अंव छत्तीसगढ़िया सगी'', अंकित जायसवाल ने ''सौम्य संगिनी'' पर तथा मोती लाल राठौर, हेमलाल पटेल, संरक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने रसभार गीत की प्रस्तुति देते हुए दर्शक-श्रोताओं को भाव विभोर व गदगद कर खूब तालियां बटोरी। वरिष्ठ कवि भगत दास मानस व छाबड़ा जी की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाया।

Gandhi P.G. College, Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)
No.
Date 28/11/2017

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G. College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

# एमजी कॉलेज में 69 वां एन. सी. सी. डे हर्षोउल्लास के साथ संपन्न



संवाददाता . खरसिया

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में 69 वां एन. सी. सी. डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्ट. सरला जोगी एवं भुतपूर्व एन.सी.सी. अधिकारी एवं रिटायर्ड स्पोर्टस अधिकारी एम.डी. वैष्णव के मुख्य अतिथि एवं प्रचार्य महोदय डॉ. पी.सी. घृतलहरे के अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापक गण कर्मचारी बंधु एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र - छात्राओं उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी एन.सी.सी. कैडेट ने एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्ट सरला जोगी मुख्य अतिथि एम.डी. वैष्णव एवं समस्त प्रध्यापक गण की उपस्थिति में ड्रिल कॉम्पिटिसन किया। तत्पश्चात संस्कृति कार्यक्रम का शुभ आरंभ सरस्वती मां की प्रतिमा पर प्राचार्य महोदय एवं मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यारपण कर किया गया ।





एन.सी.सी. डे के अवसर पर सिन्यर अन्डर ऑफिसर रितेश राठौर को सर्वाधिक कैम्प करने पर मैडल से सम्मानित किया गया। बेस्ट कैडेट दिनेश प्रताप दिनकर एवं सकुन्तला सतनामी को मैडल से सम्मानित किया गया बेस्ट ड्रिल में दिनेश प्रताप दिनकर संगा चौहान, सकुन्तला, सतमानी, गुजन मंडेल एवं बेस्ट कमांड में दिनेश प्रताप दिनकर, सकुन्तला सतमानी एवं बेस्ट टर्नआउट में दिनेश प्रताप, एजन राठे, गुजन मंडेल, करीसमा इनसेना सभी को मेडल से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुजन मंडेल एवं दुलौरीन को एकल नृत्य के लिए मेडल से सम्मानित किया गया। समूह नृत्य में सकुन्तला सतनामी एवं समूह तथा अभिषेक डिक्से एवं समूह को पंथिय नृत्य के लिए मेडल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालक दिनेश प्रताप दिनकर एवं गुजन मंडेल के द्वारा किया गया।

पुरा कार्यक्रम एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टी सरला जोगी के निरीक्षण में सम्पन्न हुआ अन्त में लेफ्टी. सरला जोगी ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल करने हेतु सभी को धन्यवाद दिए।

No.

Date 28|11|2017

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
... Dist. Raigarh (C.G.)

## विश्व एड्स दिवस

## दिनांक– 01 दिसम्बर 2017

## विभाग– रेडक्रास

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में सह–शैक्षणिक गतिविधियों के अन्तर्गत रेडक्रास प्रभारी डॉ0 रमेश टण्डन के संयोजन में दिनांक 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ0 टण्डन ने उपस्थित छात्र– छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''समझने वालों को इशारा ही काफी'', आप सभी शिक्षित व समझदार हैं तथा अपने भविष्य के प्रति सजग भी हैं। अधिक समझाने की जरूरत नहीं। इस दिवस को हम पिछले कई वर्षों से मनाते आ रहे हैं, इसके पीछे यही उद्देश्य है कि हम कितने भी शिक्षित हो जाएं, प्रगति कर लें, नई पीढ़ी के युवा कहलाएं, पर कुछ ऐसी बीमारियाँ हैं जिससे हम सिर्फ जानकारी रखते हुए और अपने आप को नियंत्रित कर लेने से ही, हम दूर रह सकते हैं, वरन् वह जानलेवा व लाईलाज हो सकती है। अतः कितने ही शिक्षित होने के बावजूद बीच–बीच में किसी जानकारी से अद्यतन रहने व प्रचार–प्रसार करने की आवश्यकता होती है, अन्यथा कितनी भी तेज औजार क्यों न हो, समुचित देख–भाल नहीं होने व ग्रीसिंग नहीं करने से जंग लग जाती है। अतः खुद जागृत रहो और अपने परिचितों को इस संबंध में जागरूक करो। संक्रमित सुई व ऐसे अन्य अप्राकृतिक साधन जैसे कारकों से बचाव मात्र कर लेने से एड्स का खतरा समाप्त हो जाता है और जीवन सुखमय हो सकता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय से प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 पी एल पटेल, प्रो0 लोकेश शर्मा, प्रो0 तुलसी पटेल, प्रो0 प्रमोद राठौर, प्रो0 हरिकृष्ण पटेल, सुरेन्द्र मेहरा सहित महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व अनेक छात्र – छात्राएँ मौजूद थे।

Principal
M.G. Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

No.
Date

## 21 जून 2018

अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में योग का प्रशिक्षण रखा गया। प्रो. ए.के.पटेल (योगा प्रभारी) के संयोजन में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व छात्र/छात्राएं ने योगभ्यास किये।

ठाकुरदिया खरसिया निवासी श्री नमन यादव ने योगाभ्यास करवाया। सर्वप्रथम डॉ.पी.सी.घृतलहरे द्वारा योगा प्रशिक्षक का स्वागत किया गया। योग प्रशिक्षक श्री नमन यादव द्वारा विधिवत् योगा कराया गया। योगा में विभिन्न आसन जैसे ताडासन, वृक्षासन, पाद हस्ताहन, अर्द्धचकसान, भद्रासन, बज्रासन, उएद्रासन, शशांकासन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपालभांती, अनुलोम–विलोम, भ्रावरी प्राणायाम किया गया।

योग प्रशिक्षक श्री नमन यादव ने योग के महत्व तथा कैसे करें इस पर विस्तार से बताया गया। इस योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.पी.सी.घृतलहरे, डॉ. पी.एल. पटेल, प्रो. धीरही सर, प्रो. सुशीला गोयल, प्रो. सरला जोगी, डॉ. रमेश टण्डन, प्रो. मनोज साहू, प्रो.के.एक्का, प्रो. जे.कुर्रे, प्रो.डी.के.भोई तथा कार्यालय से डी.के.यादव, एस.के.मेहरा, गुप्ता, पोर्ते, जी.डी.महंत, प्रेमसाय भारती तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में योग प्रभारी ए.के.पटेल ने योग प्रशिक्षक तथा उपस्थित स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किये।

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

AKpatel.

# संविधान दिवस

## दिनांक– 26 नवम्बर 2016

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में दिनांक 26 नवम्बर को भारतीय संविधान के आज की तारीख में 1949 को निर्माण होने के उपलक्ष्य पर संविधान दिवस मनाया गया। डॉ0 रमेश टण्डन के संयोजन एवं मंच संचालन, पंचराम निषाद के मुख्य आतिथ्य, सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्रों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि निषाद, प्रो0 मनोज साहू, प्रो0 एस0 के0 ईजारदार, प्रो0 तुषार दुबे, छात्र संघ सचिव जया भारती ने संविधान–शिल्पी बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर अगरबत्ती जलाकर, माल्यार्पित कर पूजा–अर्चना की। डॉ0 टण्डन ने संविधान की प्रस्तावना– "हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण......" का वाचन किया जिसे समस्त छात्रों ने दुहराया। इन्होंने आगे, छः मौलिक अधिकारों व ग्यारह मौलिक कर्त्तव्यों को सविस्तार बताया। प्रो0 एम0 के0 साहू व प्रो0 ईजारदार ने भी सभा को सम्बोधित किया। छात्रों में कु0 किरण पटेल, रुस्तम डेंजारे व जया भारती ने भारतीय संविधान पर अपने विचार रखे। मनोज सिन्हा, डिगम्बर राठिया, अमर रात्रे, निशि पटेल, जयंती सिदार, राजेन्द्र टण्डन, मती किस्पोट्टा सहित अनेक छात्रों की उपस्थिति रही। अंत में प्रो0 सरला जोगी ने उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार ज्ञापन किया।

डॉ. आर. के. टण्डन

Principal
M.G Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G)

दबंग दुनिया

# एमजी कॉलेज खरसिया ने संविधान दिवस मनाया



PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

## एनसीसी दिवस

## दिनांक– नवम्बर 2016

रैली से प्रारम्भ कर और एनसीसी गीत से समापन करते हुए महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया के कैडेट्स ने पूरे जोश एवं उमंग के साथ एनसीसी दिवस मनाया। प्राचार्य डॉ0 पी0 सी0 घृतलहरे की अध्यक्षता, एम0 डी0 वैष्णव सेवा निवृत्त क्रीड़ाधिकारी के मुख्य आतिथ्य, एनसीसी अधिकारी प्रो0 सरला जोगी के संयोजन, डॉ0 रमेश टण्डन के मंच संचालन, 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ के पी आई स्टॉफ राजेन्द्र, डॉ0 पी0 एल0 पटेल तथा अन्य सभी प्रोफेसर्स के विशिष्ट आतिथ्य, छात्र संघ अध्यक्ष टिकेश डनसेना, उपाध्यक्ष दिनेश राठिया की उपस्थिति में भारत माँ एवं सरस्वती माँ के छाया चित्र पर अगरबत्ती जलाकर तथा केक काटकर कार्यक्रम का श्रीगणेश हुआ। एनसीसी अधिकारी प्रो0 सरला जोगी ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर सम्मान किया। रैली के पश्चात् खेल मैदान में लगभग 100 कैडेटों के मध्य बेस्ट कैडेट, बेस्ट कमाण्ड व बेस्ट यूनिफार्म के लिए कैडेट्स का चयन हुआ। बेस्ट कैडेट के रूप में ओम प्रकाश, अमर रात्रे, जया भारती भारद्वाज, पूजा केंवट को चुना गया। बेस्ट कमाण्ड के लिए ओम प्रकाश व अमर रात्रे को तथा बेस्ट यूनिफार्म के लिए गुंजन गबेल, जया भारती भारद्वाज, रितेश राठौर, ओम प्रकाश को चुना गया। इन्हें मेडल से सम्मानित किया गया। आर्मी अटैचमेंट कैम्प में सम्मिलित कैडेट्स– ओम प्रकाश, अमर रात्रे, अभिषेक, रितेश, गिरधारी, महेन्द्र, रघुवीर, राजकुमार मिरी, आर0 डी0 सी0 में सम्मिलित कैडेट्स– दीपक राठिया, राकेश यादव, सी0 ए0 टी0 सी0 कैम्प सीनियर– जया भारती भारद्वाज, सात कैम्प कर चुके कैडेट– अमर रात्रे, 2015 के पूरे छत्तीसगढ़ के गोल्ड मेडलिस्ट विकास बघेल, "सी" प्रमाण पत्र परीक्षा को "ए" ग्रेड से उत्तीर्ण होने वाली कैडेट कु0 गीतांजली जोशी सभी को मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर "बी" प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण कैडेट्स को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

अनंतर, सांस्कृतिक कार्यक्रम की बहुरंगी छटा छा गई। पूनम चौहान, गुंजन गबेल, गोवर्धन, शकुन्तला, यामिनी राठौर, अभिलाश ढिल्लो, अमर रात्रे, तरुण भारद्वाज, श्याम सुन्दर, शिवा खुंटे, दिनेश प्रताप दिनकर, चन्द्रशेखर, वेद प्रकाश बंजारे, राकेश, मनीषा राठौर, नाजिर आदि ने कभी कवि अंदाज में, तो कभी समूह नृत्य, एकल नृत्य में, विभिन्न वेश–भूषाओं में, लोक नृत्य, पंथी नृत्य, करमा नृत्य आदि की मंचीय प्रस्तुति करके दर्शक–दीर्घा की वाह–वाही लुटी।

डॉ. आर. के. टण्डन

Principal
M.G. Govt. Arts & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

आयोजन | एमजी कालेज परिसर में कार्यक्रम

# एनसीसी दिवस पर सम्मानित हुए कैडेट्स

हरिभूमि न्यूज. खरसिया

महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया के कैडेट्स ने पूरे जोश एवं उमंग के साथ एनसीसी दिवस मनाया। प्राचार्य डॉ. पैनी पुतलाहे की अध्यक्षता में कार्यक्रम में एमडी वैष्णव सेवा निवृत्त क्रीड़ाधिकारी मुख्य अतिथि रहे।

एनसीसी अधिकारी प्रो. सरला जोशी ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर सम्मान किया। रैली के पश्चात खेल मैदान में लगभग 100 कैडेटों के मध्य बेस्ट कैडेट, बेस्ट कमाण्ड व बेस्ट यूनिफार्म के लिए कैडेट्स का चयन हुआ। बेस्ट कैडेट के रूप में ओम प्रकाश, अमर राठे, जया भारती भारद्वाज, पूजा केंवट को चुना गया। बेस्ट कमाण्ड के लिए ओम प्रकाश व अमर राठे को तथा बेस्ट यूनिफार्म के लिए सुजन गबेल, जया भारती भारद्वाज, रितेश राठौर, ओम प्रकाश को चुना गया। इन्हें मैडल से



में सम्मिलित कैडेट्स- ओम प्रकाश, अमर राठे, अभिषेक, रितेश, गिरधारी, महेन्द्र, रघुवीर, राजकुमार मिरी, आरडीसी में सम्मिलित कैडेट्स- दीपक राठिया, राकेश यादव, थलसैनिक कैम्प सीनियर- जया भारती भारद्वाज, सात कैम्प कर चुके कैडेट- मेडलिस्ट विकास बघेल, "सी" प्रमाण पत्र परीक्षा को "ए" ग्रेड से उत्तीर्ण होने वाली कैडेट कु. गीतांजली जोशी सभी को मैडल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर "बी" प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण कैडेट्स को प्रमाण पत्र भी वितरित

बहुरंगी छटा छा गई। पूनम चौहान, सुजन गबेल, गोवर्धन, शकुन्तला, यामिनी राठौर, अभिलाषा डिक्सी, अमर राठे, तरुण भारद्वाज, श्याम सुन्दर, शिवा खूंटे, दिनेश प्रताप दिनकर, चन्द्रशेखर, वेद प्रकाश बंजारे, राकेश, मनीषा राठौर, नाजिर आदि ने कभी कबीर अंदाज में, तो कभी समूह नृत्य, एकल नृत्य में, विभिन्न वेश-भूषाओं में, लोक नृत्य, पंथी नृत्य, करमा नृत्य आदि की मनोरम प्रस्तुति करके दर्शक-दीर्घा से खूब वाह-वाही लूटी। सभी प्राध्यापक व कर्मचारियों ने, सीनियर कैडेट्स, छात्र संघ पदाधिकारियों व कक्षा प्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। प्राचार्य डॉ0 पुतलाहे, डॉ. शीतल पटेल, डॉ. आरके टण्डन, प्रो. मनोज साहू, प्रो. इजारदार, प्रो. केरकेट्टा, प्रो. सेठानी आदि ने एनसीसी अधिकारी प्रो. सरला जोशी एवं उनके समस्त कैडेट्स को इस अवसर पर बधाई व

PRINCIPAL
Government Mahatma Gandhi P.G.
College Kharsia, Dist.-Raigarh (C.G.)

# भूषण चौहान एण्ड ग्रुप की बेहतरीन नृत्य प्रस्तुति



26-01-2017

PRINCIPAL

Mahatma Gandhi P.G.

Kharsia, Distt.-Raigarh (C.G.)

No.

Date

# अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस

## दिनांक– 21 जून 2017

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में भी योगा का प्रशिक्षण रखा गया। डॉ0 रमेश टण्डन (योगा प्रभारी) के संयोजन में महाविद्यालय के अधिकारी– कर्मचारियों व छात्रों ने योगा का अभ्यास किया। ठाकुरदिया खरसिया निवासी लवकुमार गबेल के योग प्रशिक्षण में सभी ने योगा किया। गबेल जी ने मंच पर विभिन्न आसनों और प्राणयाम को उसके विभिन्न लाभों के बारे में बताते हुए अच्छे से प्रदर्शन किया, जिसे समस्त महाविद्यालयीन परिवार ने अनुकरण करते हुए अभ्यास किया। प्रो0 डी के अम्ब्रेला ने सर्वप्रथम गबेल जी का गुलदस्ते से स्वागत किया। इसके पश्चात् विधिवत् समस्त प्राणायाम व आसनों को किया गया। मुख्य रूप से इस योगा में प्रो0 डी के अम्ब्रेला, प्रो0 एम एल धीरही, डॉ0 पी एल पटेल, डॉ0 रविन्द्र चौबे, डॉ0 सुशीला गोयल, डॉ0 आर के टण्डन, प्रो0 एम के साहू, प्रो0 एस के इजारदार, प्रो0 के एक्का, डी के यादव, एस के मेहरा, अरूण यादव, जी डी महंत, कोमलकांत, योग साधक बैरागी जी, गोवर्धन भारद्वाज सहित अनेक छात्र– छात्राएँ शामिल थीं। विदित हो कि योग प्रशिक्षक 58 वर्षीय गबेलजी पिछले कई वर्षों से योग संस्था से जुड़े हुए हैं एवं योग कराते आ रहे हैं। पिछले दिनों विकास खण्ड स्तरीय 5 किमी मैराथन दौड़ में इन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया था एवं राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ में 46 वाँ स्थान पर थे। ये अपने दांतों से साइकिल को ऊपर उठा लेने में भी पारंगत हैं। अंत में प्रो0 अम्बेला व डॉ0 पी एल पटेल ने इन्हें धन्यवाद देते हुए सभी उपस्थितों का आभार किया। स्वीप प्रभारी प्रो0 एम एल धीरही के संयोजन में प्रो0 डी के अम्बेला ने भय व लालच रहित शत्–प्रतिशत मतदान करने तथा दूसरों को प्रेरित करने से संबंधित शपथ पत्र का वाचन किया और सबने शपथ लेते हुए इसे दोहराया।

Principal
M.G. Govt. Arts. & Science College
Kharsia Dist. Raigarh (C.G.)

डॉ. आर. के. टण्डन